Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to convert Patiala to Pehowa, Pehowa to Kurukshetra and Kurukshetra to Ladwa roads to four/six lanes

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला): महोदय, यह समय भारत की आज़ादी का 75वां वर्ष है। आज़ादी के अमृत काल के समय हम आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ अगले 25 वर्षों के भारत की बुनियाद रख रहे हैं, जिसमे इंफ्रास्ट्रक्चर की गति को नई दिशा दी गई है। आज भारत तीन गुना प्रतिदिन नेशनल हाइवे के विस्तार की गति से काम कर रहा है और प्रतिदिन 36 किलोमीटर नेशनल हाईवे बना रहा है तथा आने वाले समय में 50 किलोमीटर का लक्ष्य है।

मैं आदरणीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान पटियाला से पेहवा, पेहवा से कुरुक्षेत्र, कुरुक्षेत्र से लाडवा व रिसेप्शन की सड़क की ओर दिलाना चाहता हूँ, जिस पर आज़ादी के बाद कई गुना वाहनों का परिचालन हो गया है। आज उपरोक्त सड़कों को फोर लेन या सिक्स लेन बनाने की अति आवश्यकता है। केन्द्र सरकार ने गीता ज्ञान की भूमि कुरुक्षेत्र को कृष्णा सर्किट में शामिल किया है। पटियाला से वाया कुरुक्षेत्र, यमुनानगर से बिलासपुर, कपाल मोचन तक की इस सड़क पर हर रोज कई लाख लोगों का अवागमन रहता है। केंद्र सरकार 142 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत वाली नेशनल इनफ्रास्ट्रक्चर परियोजना पर कार्य कर रही है। मेरा आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त योजना में इस सड़क को शामिल किया जाए।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : कटारिया जी, धन्यवाद।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : इसके अलावा कुछ रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

… (व्यवधान)*

HON. CHAIRPERSON: Only the text will come on record.

… (*Interruptions*)